भा.कृ.अ.प.-भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान
लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली-110012

फा.सं.: 9(8)/2023-हिन्दी

दिनांक: 31 अगस्त, 2023

## परिपत्र

संस्थान में 14 से 29 सितम्बर, 2023 के दौरान मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी:

| क्र.सं. | प्रतियोगिता/कार्यक्रम | संचालक/संयोजक | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | काव्य- पाठ प्रतियोगिता | डॉ. सुशील कुमार सरकार/ डॉ. अनु शर्मा | वीरवार 14.09.2023 | अपराह्न 02:00 बजे |
| 2. | हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता | श्री सुभाष चन्द/ श्री मनीष कुमार | शुक्रवार 15.09.2023 | प्रातः 11:30 बजे |
| 3. | शब्दार्थ लेखन **(हिन्दीतर कर्मियों के लिए)** | श्री देवेन्द्र कुमार/ डॉ. सौम्या शर्मा | शुक्रवार 15.09.2023 | अपराह्न 02:30 बजे |
| 4. | अंताक्षरी प्रतियोगिता | डॉ. अनु शर्मा | सोमवार 18.09.2023 | प्रातः 11:30 बजे |
| 5. | डिजिटल हिन्दी शोध-पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता | डॉ. सिनी वर्गीस | मंगलवार 19.09.2023 | प्रातः 11:00 बजे |
| 6. | डिजिटल हिन्दी पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता **(शीर्षक- बढ़ते प्रोद्योगिकी के दौर में संसाधन प्रबंधन)** | श्री अभिषेक श्रीवास्तव | बुधवार 20.09.2023 | अपराह्न 02:30 बजे |
| 7. | प्रभागीय चल-शील्ड | श्री अभिषेक श्रीवास्तव | वीरवार 21.09.2023 | प्रातः 11:30 बजे |
| 8. | प्रश्न मंच | डॉ. के.के. चतुर्वेदी | मंगलवार 26.09.2023 | प्रातः 11:30 बजे |
| 9. | डॉ. दरोगा सिंह स्मृति व्याख्यान, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह | डॉ. अलका अरोड़ा | शुक्रवार 29.09.2023 | .........* |

**(*समय निदेशक महोदय द्वारा अभी नियत किया जाना है ।)**

**<u>टिप्पणी: क्रम सं. 1,2,3,4 एवं 8 के अतिरिक्त सभी कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं ऑन लाइन आयोजित की जाएंगी ।</u>**

उक्त सभी कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं में संस्थान के सभी वर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व अपेक्षित है। उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक कृपया अपना नाम लिखित रूप में 12 **सितम्बर,** 2023 तक प्रतियोगिता के संयोजक अथवा हिन्दी एकक को भेज दें ।

काव्य-पाठ की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए केवल स्वरचित अथवा किसी भी प्रतिष्ठित रचनाकार की साहित्यिक रचना का पाठ करने की अनुमति होगी। मात्र दो-चार पंक्तियों की कविता इत्यादि का पाठ करने की अनुमति नहीं होगी। अतः प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी प्रस्तुति सम्बन्धी जानकारी पहले से कार्यक्रम के संयोजक/हिन्दी एकक को लिखित रूप में दें। संयोजक द्वारा उचित प्रस्तुति का निर्णय लिया जाएगा। मात्र दो-चार पंक्तियों की कविता का पाठ करने पर प्रतिभागी को प्रतियागिता हेतु विचार नहीं

अभिषेक श्रीवास्तव
31-08-2023

किया जाएगा। काव्य पाठ प्रतियागिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतिभागियों से अपेक्षा की जाती है कि काव्य-पाठ प्रस्तुति में मर्यादा एवं शालीनता बनाये रखें।

हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता संस्थान के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए होगी जिसके लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन) पुरस्कार दिए जाएंगे।

शब्दार्थ लेखन (हिन्दीतर अधिकारियों/कर्मियों के लिए) होगी जिसके लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन) पुरस्कार दिए जाएंगे।

अंताक्षरी प्रतियोगिता संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए होगी। जिसके लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन) पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता टीम आधार पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक टीम में तीन-तीन सदस्य होंगे। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। क्योंकि यह टीम आधार पर आयोजित की जा रही है। अतः इसमें पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार की राशि बराबर बराबर बंट जाएगी।

डिजिटल हिन्दी शोध-पत्र प्रदर्शन प्रस्तुति प्रतियोगिता संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मियों, के लिए होगी जिसके लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन) पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को एक पोस्टर को 8 मिनट में प्रस्तुत करना होगा तथा 2 मिनट प्रश्न उत्तर के लिये रखे जायेगे। प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागी से कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा। प्रस्तुति पूरी होने पर ही प्रतिभागी से प्रश्नोत्तर किये जा सकते हैं।

डिजिटल हिन्दी पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता (प्रशासनिक एवं वित्तीय विषयों से संबंधित) संस्थान के प्रशासनिक एवं वित्तीय विषयों से संबंधित कर्मियों के लिए होगी जिसका शीर्षक 'बढ़ते प्रोद्योगिकी के दौर में संसाधन प्रबंधन' रखा गया है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन) पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को एक पोस्टर को 8 मिनट में प्रस्तुत करना होगा तथा 2 मिनट प्रश्न उत्तर के लिये रखे जाएगे। प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागी से कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा। प्रस्तुति पूरी होने पर ही प्रतिभागी से प्रश्नोत्तर किए जा सकते हैं।

प्रभागीय चल-शील्ड का निर्णय प्रभागों में कार्यरत वैज्ञानिकों/ तकनीकी कर्मियों द्वारा हिन्दी में लिखे जाने वाले शोध-पत्रों/ व्याख्यानों/ कार्यशालाओं का आयोजन/ सेमिनार इत्यादि तथा वैज्ञानिक/ तकनीकी प्रकृति के कार्यों के आधार पर किया जाएगा।

प्रश्न मंच प्रतियोगिता संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए होगी। जिसके लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (तीन) पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता टीम आधार पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक टीम में तीन-तीन सदस्य होंगे। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। क्योंकि यह टीम आधार पर आयोजित की जा रही है। अतः इसमें पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार की राशि बराबर बराबर बंट जाएगी।

विशेष टिप्पणी:-उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में प्रोत्साहन पुरस्कार सहभागियों की संख्या के आधार पर निम्नानुसार होंगे:-

| क्र.सं. | प्रतिभागियों की संख्या | पुरस्कारों की संख्या | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 20 से अधिक | 3 | ₹ 500/- प्रत्येक |
| 2. | 10 से 20 | 2 | ₹ 500/-- प्रत्येक |
| 3. | 5 से 10 | 1 | ₹ 500/-- प्रत्येक |
| 4. | 5 से कम | 0 | - |

उक्त के संदर्भ में समस्त प्रभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे स्वयं तो इन कार्यक्रमों में हिस्सा लें ही साथ ही अपने अधीनस्थ सभी कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें तथा हिन्दी पखवाड़े को सफल बनाएं।

अभिषेक श्रीवास्तव
31-08-2023

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी निम्न प्रारूप में अपनी प्रविष्टि भेजें ।

| नाम | पद | ई-मेल | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|

उक्त कार्यक्रम निदेशक महोदय के अनुमोदन से आयोजित किए जा रहे हैं ।

अभिषेक श्रीवास्तव
31-08-2023

(अभिषेक श्रीवास्तव)

कार्यालय प्रधान

वितरण:

1. समस्त प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष/प्रकोष्ठ ।
2. निदेशक महोदय के निजी सचिव ।
3. कार्यालय प्रधान की प्रमुख निजी सचिव ।
4. मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी की निजी सहायक ।
5. हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य ।
6. अध्यक्ष, संगणक अनुप्रयोग प्रभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने की कृपा करें ।
7. समस्त अधिकारी/कर्मचारी ।
8. स.प्र.अधिकारी, रखरखाव अनुभाग/केयरटेकर/इलेक्ट्रीशियन को आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
9. संस्थान के समस्त नोटिस बोर्ड ।